### अपने-अपने समर्थकों के साथ स्वागत करने पहुंचे थे भाजपा नेता

# रीवा जाते वक्त मुख्यमंत्री का सतना में स्वागत, धक्का-मुक्की में अजगर माला टूटा







सतना। खजुराहो से रीवा जाते वक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव का सतना में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। हालत यह थी कि स्वागत करने वालों की भीड़ अनियंत्रित हो गई थी जिसकी वजह से भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्वागत के लिए ले जाया गया अजगर माला धक्का मुक्की में टूट गया।

नतीजतन टूटे माला से ही मुख्यमंत्री का स्वागत कर दिया गया यहां पर तमाम भाजपा के नेता अपने-अपने समर्थकों को लेकर ढोल नगाड़े के साथ स्वागत करने के लिए सोहावल मोड़ के पास पहुंचे थे। डीएनडी होटल के निकट बाईपास मार्ग के पास महापौर योगेश ताम्रकार और नगर पालिक निगम के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन ने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री को पहली बार सतना की धरती पर पहुंचने पर स्वागत करते हुए उन्हें सीएम बनने की बधाई व शुभकामनायें भी दीं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रीवा में आयोजित जन आभार यात्रा एवं विभिन्न विकास कार्यों के भूमि-पूजन, लोकार्पण तथा हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लेने सड़क मार्ग से जा रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव जैसे ही सतना जिले की सीमा में पहुंचे उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी कड़ी में नागौद क्षेत्र के हरदुआ मोड़ पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह आदि भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। स्वागत की यह कड़ी रामपुर बाघेलान क्षेत्र तक चलती रही।

#### भाजपा युवा मोर्चा ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री मोहन यादव के रीवा जाने के बीच सतना की पावन धरा पर प्रथम आगमन पर डीएनडी रिसॉर्ट के पास भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय तीर्थवानी,अभिषेक पांडेय सहित युवा मोर्चा से विशेष आमंत्रित सदस्य आदित्य यादव,ज़िला उपाध्यक्ष अजीत यादव आदि शामिल रहे।

#### रामपुर बघेलान में भी किया गया स्वागत

निमुआ मोड़ पर जिला पंचायत सतना की उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार के नेतृत्व में गज माला से ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रमाकांत पयासी,रामपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष राम बेटा पांडे,जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शैलेश पांडे,पूर्व सांसद प्रतिनिधि जन्मेजय सिंह, विजयंत पांडे,अजय मिश्रा,विष्णुधर भट्ट,रामायण सिंह,अखिलेश पयासी,सहित बड़ी संख्या में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन हजार रुपए बहनों को, 31 सौ धान का मूल्य और 450 का गैस सिलेंडर दे भाजपा : पटवारी



#### आना था 12 बजे बज गए थे 6, ठंड में ठिठुरते रहे लोग



सतना। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार से मांग की है कि वह घोषणा पत्र के अनुरूप 3 हजार रुपए बहनों को 31 सौ रुपए धान खरीदी का मूल्य और 450 रुपए का गैस सिलेंडर तत्काल लोगों को मुहैया कराए। उन्होंने यह भी कहा कि 2 लाख रोजगार हर घर रोजगार का वादा किया गया था लेकिन उस योजना पर अभी एक भी कदम नहीं बढ़ाए गए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शुक्रवार को यहां बीटीआई ग्राउंड में सेवा संकल्प महारैली को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्हें दोपहर 12 बजे सतना पहुंचना था लेकिन 6 घंटे लेट शाम 6 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान कोहरा और रिमझिम बारिश के बीच लोग ठंड में ठिठुरते रहे। जीतू पटवारी ने कहा कि हमें विपक्ष की भूमिका सरकार को जगाने के लिए मिली है उनको मजबूर करने के लिए मिली है। सरकार भाजपा की है वादे पूरे नहीं करेंगे तो कांग्रेस अपना रोल अदा करेगी उन्होंने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मुझे पूर्व सांसद स्वर्गीय सुखलाल कुशवाहा के श्रद्धांजलि सभा में आमंत्रित किया और अपने लोगों से मिलवाया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणा पत्र को गीता रामायण जैसा बताया था वह घोषणा पत्र को तत्काल पूरा करें।



#### सेवा दल ने किया कमलेश्वर पटेल का स्वागत

मैहर। जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र की अगुवाई में एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेश घई की उपस्थिति में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे,शहर अध्यक्ष मुकेश सेन,किसान नेता अमृतलाल पटेल,उपाध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव,सुरेश कोरी,राजेश पटेल,सुनील कोरी आदि उपस्थित रहे।

#### पुष्पराज विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश अध्यक्ष बने



सतना। विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एवं मध्यप्रदेश प्रभारी हेमंत कुमार सिंह ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजनाथ की अनुसंशा पर पुष्पराज सिंह बघेल पिता रविराज सिंह बघेल को विश्व हिंदु महासंघ, (म.प्र.) का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है।

## पंचायत के उप चुनाव में 66.68 प्रतिशत हुआ मतदान

### कहीं भी अप्रिय घटना नहीं, शांतिपूर्ण हुआ मतदान

सतना। ग्राम पंचायतों में रिक्त सरपंच और पंच पदों के लिये मतदान शुक्रवार 5 जनवरी को संपन्न हुआ। जिसमें सतना जिले की जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत हिलौंधा और जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत गुढ़ा में रिक्त सरपंच पद के लिये मतदान किया गया। इसी प्रकार मझगवां जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झोंटा के वार्ड क्रमांक 7 में रिक्त पंच पद के लिये मतदान केंद्रों में मतदान किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत निकाय के उप निर्वाचन में कुल 66.68 प्रतिशत मतदान किया गया। जिसमें 66.83 प्रतिशत पुरुष और 66.51 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी अनुराग वर्मा द्वारा पंचायत उप निर्वाचन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयरहित माहौल में संपन्न कराने और कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर ऑफीसर्स तैनात किये गये थे। जिसके फलस्वरुप नकली और बोगस मतदान की घटनायें,मतदान में व्यवधान और मतदान को स्थगित करने की स्थिति वाली कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ है।

#### मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो रही है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत 6 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। 6 जनवरी को ही मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

#### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे।इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6,7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची



में नए नाम जोड़ने,वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल,1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप और वेबसाईट voters.eci.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

सतना। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले शुक्रवार को सतना कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने बताया कि ज्ञापन में 15 प्रमुख समस्याओं का उल्लेख किया है। जिनमें चुनावी घोषणा में संकल्प पत्र अनुसार धान व गेहूं की फसल को 3100 व 2700 रुपये समर्थन मूल्य पर खरीदी करने। खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए 60 प्रतिशत सहकारी समितियों व 40 प्रतिशत मार्केट की खाद को चिन्हित करने के लिए 60 प्रतिशत सहकारी समिति के बोरियों में सरकारी टैग लगाया जाए व बाजार में चिन्हित खाद बेचने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाने, पूर्व में बंद की गई सभी कृषि उपज मंडियों को चालू करने जिससे किसानों का



अनाज मंडियों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक सही दाम पर पहुंच सके किसानों को सही दाम और सरकार को भी लाभ मिल सके। खेती करने के लिए किसानों को महंगे दामों के बीज खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है अतः हर जिन्स के बीज तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिलाया जाए। विगत कई वर्षों से निर्माणाधीन बरगी नहर का पानी शीघ्र सतना में लाया जाये। रामपुर बाघेलान क्षेत्र में बिजली और नहर के पानी का दोगुना बिल लिया जाता है इसलिए जो किसान उपयोग करता है केवल उसका ही बिल लिया जाए एवं नहर के रिसाव पानी से प्रभावित किसानों के खेतों में भरे हुए पानी से नुकसानी की भरपाई सिंचाई विभाग से कराई जाए। पूर्व की तरह किसानों को सब्सिडी पर निजी ट्रांसफार्मर लगवाने की स्कीम को पुनः लागू कर लगातार बिजली दी जाये व जले हुए ट्रांसफार्मर बदले जाये एवं मनमानी बिजली बिल पर रोक लगाई जाए। आवारा पशुओं और जंगली जानवरों के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो रही है छोटे-छोटे किसान खेती करना बंद कर दिए हैअतः प्रभावित स्थानों पर गौ शालाएँ बनवाकर व्यवस्था करने के साथ ही मवेशियों को आवारा छोड़ने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए। किसानों की निजी आराजी से निकाली गई सड़कें और उनमें निर्माणों का मुआवजा दिलाने और किसानों की अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा भी 4 गुना किया जाए। किसानों का कर्ज माफ किया जाए। नक्शा विहीन क्षेत्रों का तत्काल नक्शा बनवाया जाये एवं लंबित सीमांकन व नामांतरण पूरे कराएं जाये। 60 वर्ष की अवस्था से अधिक किसानों को 5000 रुपये प्रतिमाह पेंशन योजना लागू करने,पोल्ट्री फार्म चलाने वाले युवा कृषकों को बैंकों से छूट में लोन दिया जाए जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।उपार्जन केन्द्रों पर हो रहे किसानों के साथ भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए केन्द्रों में सी. सी.कैमरे व सरकारी मापदंडों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों व खरीदी केन्द्र प्रभारियों पर कार्यवाही की जाए साथ ही महिला महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से खरीदी केन्द्र आवंटित किए जाते है। लेकिन उनके नाम से अधिकांश केंद्रों का संचालन अन्य लो बिचौलिये कर रहे हैं। वास्तविक रूप से महिला समूह को हो लाभ मिले इस हेतु निर्देशित करने की मांग की गई है।इस दौरान राजराखन सिंह,दादू भाई सेन,पुष्पराज सिंह,राजकली सिंह मुन्नी बाई विश्वकर्मा,दलप्रताप सिंह,अश्वनी गौतम,संत कुमार सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह,डा.जय सिंह,सुरेन्द्र सिंह,बालेन्द्र सिंह,रामाधार वर्मा,रणछोड़ सिंह,यशवंत,संतोष पाल सहित सैकड़ों किसानों की उपस्थिति रही।

### खबर संक्षेप

#### एकीकृत प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन आज

सतना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के लिये जारी कार्यक्रमानुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली का एकीकृत प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को जिले के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर किया जायेगा। इसी दिन से दावा-आपत्ति लेने की प्रक्रिया भी शुरु हो जायेगी। जो 22 जनवरी 2024 तक चलेगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में 6 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है।

#### संबल योजनान्तर्गत अनुग्रह राशि दिलाने-फर्जी कॉल से रहें सावधान

सतना। प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सतना हेमन्त कुमार डेनियल ने बताया है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजनान्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों की मृत्यु उपरांत अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख एवं 4 लाख दिलाने के नाम पर श्रमिकों के परिजनों से जिले से अधिकारी बनकर फर्जी कॉल के माध्यम से पैसे मांगे जा रहे हैं। कॉल करने वाला व्यक्ति खुद को जिला पंचायत/कलेक्ट्रेट का अधिकारी बताता है एवं मृतक के परिजनों को अनुग्रह राशि जल्दी दिलाने के नाम पर पैसे किसी खाते में जमा करने के लिए कहता है। हितग्राही से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में मोबाइल नंबर 7440366835 से हितग्रहियों को फर्जी कॉल किए जा रहे हैं। संबल अंतर्गत पात्र समस्त हितग्राही ध्यान दें कि संबल योजनान्तर्गत लाभ हेतु किसी भी झांसे में न आयें। संबल योजनान्तर्गत हितलाभ शासन द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम मात्र से ही प्रदाय किया जाता है।

#### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 9 जनवरी को

सतना। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में 9 जनवरी 2024 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि,विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में,विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

#### राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 8 से 13 जनवरी तक

सतना। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 का आयोजन 8 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। सतना जिला मुख्यालय में एक परीक्षा केन्द्र शासकीय व्यंकट एक्सीलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक एक सतना में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक सत्र में परीक्षा आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिये लोक सेवा आयोग द्वारा प्रो.डॉ बिपिन बिहारी ब्यौहार (मोबाइल नम्बर 7869917345) को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

**पन्ना।** आगामी 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मतदाता दिवस पर मतदाताओं को जागरूक करने और लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर मतदाता दिवस मनाया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोतगिता के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। साथ ही 10 जनवरी को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की चयन समिति में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रोहित वर्मा को बतौर समिति सदस्य नामांकित किया है।

### 2 माह से फरार दुष्कर्म के आरोपी को पन्ना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पन्ना।** पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा द्वारा गुम/अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी, फरार इनामी बदमाश, स्थाई वारंटी, गिरफ्तार वारंटी, फरार आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार करने हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। दिनांक 14/11/2023 को फरियादिया ने थाना कोतवाली पन्ना आकर रिपोर्ट किया कि आरोपी के द्वारा शादी झाँसा देकर लगभग 10 माह तक मेरे साथ दुष्कर्म किया है ।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 1028/23 धारा 376(2)(द), 506 ता0हि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पन्ना श्री एस.पी. सिहं वघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी0 रोहित मिश्रा के नेतृत्व मे टीम गठन किया गया, पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर सूचना एंव सायबर सेल की मदद से कल दिनाँक 04/01/2024 को मार्का जिला बाँदा से आरोपी दीपक भूर्जी पिता मानिक लाल भूर्जी निवासी नवस्ता थाना धर्मपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी0 रोहित मिश्रा, उनि. शक्ति पाण्डेय, उनि0 सोनम शर्मा, उनि0 अनिल सिहं (प्रभारी सायबर सेल), प्र0आर0 राजेश सिहं, शिवस्वारूप तिवारी, सतेन्द्र बागरी, आर0 संदीप पटेल एंव सायबर सेट टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### आंगनबाडी खुलने का समय परिवर्तित

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केंन्द्रों में शीतकालीन सत्र होने से आंगनबाड़ी केंद्र खुलने के समय में परिवर्तन किया है। अब आंगनबाड़ी प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 28 फरवरी तक संचालित होगी। इस अवधि में सभी हितग्राहियों को नाश्ता, भोजन एवं टेकहोम राशन प्रदाय किया जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओ व्दारा शेष गतिविधियां तथा पोषण परामर्श, गृहभेंट आदि कार्य पूर्ववत रहेगा ।

### उमरिया पुलिस की पहलः 15 असहाय व जरूरतमंद परिवारों को किया राशन वितरण

**उमरिया।** नर सेवा नारायण सेवा के उद्देश्य से जिले के ब्लॉक पाली के पाली थाना प्रभारी मदन लाल मरावी जन्मदिन के उपलक्ष्य पर विकासखंड पाली में 15 असहाय व जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सूखा राशन का वितरण किया गया, जहां उन्होंने करीब 15 परिवारों को आटा, दाल, चीनी, तेल, चावल, साबुन, नामक, हल्दी, बिस्कुट आदि सामान वितरित किया। जिसमें खासकर मजदूर, विधवा, विकलाग, निःसहाय वृद्ध थे। उन्होंने कहा कि किसी भी शुभ अवसर पर व जन्मदिन के अवसर पर एक पौधारोपण और असहाय लोगों की मदद अवश्य रूप से करें।

# ठंड के हालात व मौसम को देखते हुए विद्यालयों में कक्षा-01 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिये चार दिवसीय घोषित होना लाजमी

जिस तरह से मौसम के मिजाज लगातार ठण्ड को बढ़ाने के लिए स्थिति को अंजाम दे चुका है। वहीं बारिश के चलते ठण्ड अब और भी भारी पड़ सकती है लगातार तीन दिन से कोहरे के बाद बारिश के चलते अब जहां दो दिवसीय अवकाश स्थानीय प्रभारी कलेक्टर के द्वारा घोषित किया गया वहीं यह अवकाश चार दिवसीय होना लाजमी बन गया। ठण्ड के कारण कक्षा 01 से 08 तक के बच्चों के लिए ठण्ड भारी पड़ सकती है।



पन्ना। जिले में ठण्ड की हालात बढ़ने से शासकीय विद्यालयों में कक्षा 01 से 08 तक के पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश दिवस में इजाफा को लेकर जरूरत बन चुकी हैं क्योकि ठण्ड के हालात मौसम के मिजाज के चलते लगातार आगे की स्थिति भयावह बन रही है। जहां तीन दिवस से कोहरे के हालात थे वहीं बारिश होने से मौसम ने ठण्ड को और भी खतरनाक बना दिया है। जिसके चलते अब कक्षा 01 से 08 तक की कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का जो अवकाश स्थानीय रूप में प्रभारी कलेक्टर के द्वारा घोषित किया गया निश्चितौर पर यह एक अच्छा कदम था। पर हालात को ध्यान को रखते हुए यह अवकाश आगे भी प्रभावशील कम से चार दिवस को लेकर आवश्यक हो चुका है। जिस तरह से ठण्ड की स्थिति आगे भी छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए संकट को बढ़ा सकती है।



### शीतलहर से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**पन्ना।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा वर्तमान मौसम में शीतलहर के दृष्टिगत सुरक्षा के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी की गई है। सर्दी के मौसम में शीतलहर से बचाव के लिए बताया गया है कि जितना संभव हो घर के अंदर रहना चाहिए। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। कपडे गीले होने पर तुरंत बदलना चाहिए, जिससे शरीर की उष्मा बनी रहे। मौसम की ताजा जानकारी के लिए संचार माध्यमों के उपयोग सहित नियमित रूप से गर्म पेय पीने और बुजुर्गों एवं बच्चों का विशेष ख्याल रखने की सलाह दी गई है। यह भी बताया गया है कि शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। इसके अलावा शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें और कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें। प्राधिकरण द्वारा हाइपोथर्मिया की स्थिति में बचाव के बारे में अवगत कराया गया है कि व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाकर कपड़े बदलना चाहिए और शरीर को सूखे कम्बलों, कपड़ों, तौलियों या चादरों से गर्मी दें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलाएं। मादक पेय के सेवन से बचना चाहिए। इसके साथ ही जितनी जल्दी हो सके, व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध कराना चाहिए। शीतलहर से पहले सुरक्षा के उपाय के बारे में बताया गया है कि सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी सामान तैयार रखना चाहिए।

### कार्ययोजना तैयार करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त-

जिला कलेक्टर द्वारा जिले में शीतलहर के प्रकोप के दृष्टिगत इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए विभागीय और जिला स्तर पर आवश्यक कार्यवाही तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संशोधित दिशा निर्देश अनुसार कार्ययोजना तैयार करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिला तहसील और विकासखण्ड स्तर पर शीतलहर प्रबंधन के लिए भी नियुक्त लोकसेवकों एवं नोडल अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं राहत शाखा के प्रभारी अधिकारी कुशल सिंह गौतम को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग स्तरीय, तहसीलदार को तहसील स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी, जनपद क्षेत्र में जनपद पंचायत सीईओ को जनपद स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी, नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकायों के सीएमओ को नगरीय निकाय स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। नोडल अधिकारियों को शासन तथा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शीतलहर से बचाव के लिए जारी एडवायजरी और निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

### शीतलहर से पशुओं का करें बचाव

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा वर्तमान में ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत शीतलहर से पशुओं के बचाव के लिए सलाह जारी की गई है। विभाग के उप संचालक डा. डी.पी. तिवारी ने बताया कि पशुपालक एवं गौशाला संचालक गौवंश के बचाव एवं रखरखाव का विशेष ध्यान रखें। गौवंश को सर्दी से बचाव के लिए यह ध्यान रखा जाए कि आवास सूखा एवं सुविधाजनक हो तथा गौवंश के लिए पर्याप्त चारा-भूसा की उपलब्धता हो। गौवंश को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक उपचार और टीकाकरण के लिए भी कहा है।

## मौसम के हालात इस समय कप-कपाती हुई ठंड से ठिठुरन की दास्ता

### पहले लगातार तीन दिवस से कोहरा के ऊपर से बारिश ठण्ड में दुगना इजाफा बनी

**पन्ना।** जिले में इस समय ठण्ड के हालात ठिठुरन को लेकर लगातार बढ़ाने में इजाफा की दिशा तय कर रही है। विगत तीन दिवस से कोहरे के हालात तो थे ही वहीं बारिश भी ऊपर से मेहरबान हो गई। जिसके चलते अब ठण्ड की स्थिति दुगनी होने को मानी जा रही है। मौसम इस तरह से हालात को जन्म दे रहा है कि अब ठण्ड को लेकर सभी के लिए परेशानी भरा सबब बन चुकी है। ठण्ड के मौसम में जहां इस समय कोहरे के चलते सूर्य भगवान के दर्शन दुर्लभ हो रहे है। वहीं बारिश भी इसमें ठण्ड की बढ़ोतरी के लिए अचानक दोगुना करने की दशा को लेकर प्रभावशील मानी जा रही है। आखिर जहां इस समय कृषि फसलों में जो फसले फूल में है उनमें संकट के हालात वहीं गेहूं व चना के लिए यह पानी बारिश का लाभ दायक भी हो सकता है पर जिन फसलों में फूल आ चुके थे वहीं तेज हवाओं के साथ पानी का होना यानि नुकसान के हालात को लेकर स्थिति जानी जा सकती हैं।



# अधिमान्य पत्रकारों की समस्याओं को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन



### जिला अधिमान्यता पत्रकार संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**पन्ना।** जिला अधिमान्यता पत्रकार संघ की बैठक आज अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग के निवास स्थान पर उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अधिमान्य पत्रकारो की समस्याओं को लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये जिसको संघ के सचिव शिवकुमार त्रिपाठी द्वारा लिपिबद्ध किया गया। बैठक में यह तय किया गया की अति शीघ्र समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन जिला कलेक्टर को मिलकर सौपा जाएगा। बैठक में केंद्र व राज्य स्तर की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम भी ज्ञापन जिला स्तर की समस्याओं के साथ भेजा जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अरुण सिंह, मनीष मिश्रा, शिवकुमार त्रिपाठी, दीपक शर्मा, अनिल तिवारी, नईम खान, राकेश शर्मा, बीएन जोशी, बालकृष्ण शर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, इंद्रमणि पांडे, प्रेम नारायण शर्मा, अमित द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण चिरौलिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग ने उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पन्ना पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पन्ना।** अलग-अलग दिनांक को फरियादी शिवांग अग्रवाल निवासी अमानगंज, अजमेरी शाह निवासी तलैया फील्ड देवेन्द्रनगर, कविता पाल निवासी किर्ती कम्प्यूटर पवई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना में शिकायत की गई कि आकाश यादव पिता मूलचन्द्र यादव उम्र 30 वर्ष निवासी मस्जिद के पास किशोरगंज मोहल्ला, पन्ना द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक शिवांग अग्रवाल से 96500 रूपये, अजमेरी शाह से 19800 रूपये एवं कविता पाल से 34500 रूपये अपने खाता में डलवा लिये गये हैं। फरियादियो द्वारा अपने पैसे वापस माँगने पर उक्त व्यक्ति पैसा वापस नही कर रहा है । फरियादियो द्वारा की गई शिकायतो के संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशानुसार धोखाधड़ी करने वाले आरोपी आकाश यादव पिता श्री मूलचन्द्र यादव उम्र 30 वर्ष निवासी मस्जिद के पास किशोरगंज मोहल्ला, पन्ना के वि थाना अमानगंज में अप.क्र. 9/24, थाना देवेन्द्रनगर में अप.क्र. 8/24 एवं थाना पवई में अप.क्र. 11/24 का कायम किये जाकर विवेचना में लिये गये। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही दृ पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा उक्त मामलो को गंभीरता से लिया गया। मामलो में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से जानकारी मंगाई गई एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 04/01/24 को पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी आकाश यादव को कलेही मन्दिर मोड़ के पास पवई से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताँछ की गई। पूँछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मैने कई लोगो से धोखाधड़ी पूर्वक रूपये लिये थे जो मैं ऑनलाइन खेलो (तीन पत्ती, ड्रैगन गेम्स एवं अन्य खेल) में लगाकर हार गया हूँ। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से उपयोग किया जा रहा मोबाइल जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपी से पूँछताछ पर जिले एवं जिले के बाहर अन्य लोगो से भी रूपये लिये जाने की घटनाओं का खुलासा होने की पूर्ण संभावना है। मामले में विवेचना जारी है।



### सराहनीय योगदान -

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि कुन्ज बिहारी कोल, प्र.आर. मुकेश सोनी, आर. द्वारका , वरदानी, तुलसी, गिरधारी एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा । उक्त संपूर्ण टीम को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

# अल्प प्रवास में रीवा जा रहे मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का हुआ देवेंद्रनगर में जोरदार स्वागत

**देवेंद्रनगर।** अपने अल्प प्रवास मे रीवा मे सम्लित होने जा रहे मध्यप्रदेश मे नवनियुक्त मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी का काफिला खजुराहो हवाई अड्डे से चल कर रीवा जा रहा था रास्ते मे पन्ना मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा एवं आगे जैसे काफिला बढ़ा तो देवेंद्रनगर में अखिल भारतीय यादव महासभा एवं भारतीय जनता पार्टी भाजपा के मंडल अध्यक्ष हीरा जी पटेल,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निक्की जायसवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित



गुप्ता,प्रधान यादव, महेंद्र यादव,सुरेंद्र यादव, एवम यादव महासभा कार्यकर्ता के नेतृत्व में स्वागत किया गया इसी क्रम में आगे काफिले को एन एच 39मे ग्राम फुलवारी के पास रोककर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओ ने किया जोर दार स्वागत माननीय मुख्यमंत्री श्री यादव जी ने ग्राम फुलवारी मे चल रहे श्री राम मंदिर रथ के अक्षत कलश मे फूल माला अर्पित की और सभी को शुभकामनायें दी स्वागत करने वालों मे शैलेष अग्रवाल, एम एल विश्वकर्मा, रमाकांत शुक्ला, वीरेंद रजक,लखन तिवारी आदर्श बागरी सहित ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा और यादव महासभा ने किया भव्य स्वागत

**पन्ना।** हीरों, वीरों, मंदिरों और बाघों के लिए विश्व विख्यात पवित्र नगरी पन्ना में मध्य प्रदेश के नवनियुक्त मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के प्रथम आगमन पर अखिल भारतीय यादव महासभा और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बता दे की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खजुराहो से बाय कार रीवा जा रहे थे पन्ना का कोई कार्यक्रम नहीं था लेकिन जैसे ही लोगों को सूचना मिली डायमंड चौक में यादव महासभा और सत्यम पैलेस तिराहा में भाजपाइयों के द्वारा स्वागत की तैयारी की गई जैसे ही लगभग 12 बजे सीएम का काफिला पन्ना के डायमंड चौक नेशनल हाईवे 39 में पहुंच यादव महासभा के जिला अध्यक्ष नत्थू सिंह यादव, प्रदेश सचिव बाबूलाल सिंह यादव, जानकी यादव, रविराज सिंह यादव, अरविंद यादव, पूनम राजेंद्र यादव, अजय यादव, बृजमोहन सिंह यादव, मनीष यादव, जया यादव, आस्था यादव सहित सैकड़ो लोगों ने पुष्प वर्षा, पुष्प माला, आतिशबाजी, ढोलनगाड़ा से स्वागत किया, सीएम ने गाड़ी से उतरकर अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद सीएम का काफिला आगे बढ़ा कुछ ही दूरी पर सत्यम पैलेस तिराहा में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडेय, विष्णु पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत के लिए खड़े थे जैसे ही सीएम का काफिला पहुंचा भाजपा कार्यकर्ता सीएम की गाड़ी पर टूट पड़े हगमा हगमी के इस माहौल में मुख्यमंत्री अपनी गाड़ी से बाहर ही नहीं निकले और केवल दो-तीन लोगों के हाथों से गुलदस्ता और पुष्प माला लेकर आगे बढ़ गए जिससे भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के द्वारा कार्यकर्ताओं की इस हरकत पर नाराजगी जताई गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रथम नगर आगमन पर उनकी एक झलक के लिए हजारों की संख्या में लोग नेशनल हाईवे में एकत्र हुए थे और सीएम के आते ही जोरदार नारों से स्वागत किया।



## सीएम के स्वागत के दौरान हालात चर्चा में, सुरक्षा व अनुशासन कोसों दूर

**पन्ना।** प्रदेश सरकार के मुखिया जब खजुराहो से पन्ना होते हुए रीवा की ओर जा रहे थे तभी डायमण्ड चौक में उत्साहित कार्यकर्ताओं द्वारा जिस तरीके से स्वागत किया जा रहा था वहां सुरक्षा को लेकर स्वयं ही हालात बयां कर रहे थे इसे चूक कहें या कि जानबूझकर हालात को अंजाम देना। स्वयं ही बयां कर रहा वीडियो व हालात। जिस तरह से आपाधापी व धक्का-मुक्की के हालात स्वागत के दौरान नजर आये। जिले में अनुशासन व मापदण्ड को लेकर कई बार स्वयं ही दास्तायें बयां करने लगती है यहां हालात जब प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव खजुराहो से बाई सड़क रीवा के लिए गुजर रहे थे तभी पन्ना में डायमण्ड चौक में जहां स्वागत को लेकर कार्यकर्ता बेताब थे।वहीं गाड़ी रूकते ही जिस तरह के हालात नजर आये वह अपने आप में स्वयं देखते ही बनता था यहां सुरक्षा को लेकर मापदण्ड का कोई ख्याल नजर नहीं आ रहा था जिस तरह से धक्का-मुक्की भरे हालात उत्साहित कार्यकर्ता या सीएम को माला पहनाने के लिए बेताबी के हालात थे आखिर यह हमारे सरकार की मुखिया के सुरक्षा को लेकर क्या हालात पैदा किये गये यह तो जिम्मेदार ही जाने। वहीं स्वागत करने वालों में भी किस तरह से परम्परा संस्कृति का ख्याल रखा जाना चाहिए यहां उत्साह में किसी भी तरह के अनुशासन व धैर्य का ख्याल नहीं रखा गया। जिस तरह से वह क्षण सामने देखा गया वह वीडियो ही बयां कर रहा वास्तविक दास्ता के हालात को स्वागत के दौरान किस तरह से हुजूम जैसे हालात एक दूसरे के ऊपर धक्का-मुक्की जैसे स्थितियां निर्मित थी। पल भर ही सही पर यहां तो यह हालात स्वयं देखते ही बनते थे इसे मापदण्ड को लेकर सुरक्षा सवालों के घेरे में जरूर नजर आ रही थी।



## खबर संक्षेप



### जैन मिलन ने जरूरतमंदों में बांटे गर्म कपड़े

**छतरपुर।** गुरूवार की रात जिला मुख्यालय पर जैन समुदाय के सामजिक संगठन जैन मिलन की छतरपुर इकाई द्वारा जिला अस्पताल और बस स्टैंड सहित शहर के मंदिरों एवं अन्य स्थलों का भ्रमण कर यहां ठंड में ठिठुरते मिले असहाय लोगों को गर्म कपड़े कंबल, टोपा, मफलर आदि बांटे। जैन मिलन के क्षेत्रीय संयोजक पंकज जैन ने बताया कि सर्दी को देखते हुए यह कार्य आगे जारी रखा जाएगा। इस मौके पर संजय जैन, प्रकाशचंद्र जैन, मुकेश डेवडिय़ा, मनोज जैन, विकास जैन, स्वदेश जैन, प्रशांत जैन, हेमचंद्र जैन, अध्यक्ष सुधीर जैन, अशोक जैन, रीतेश जैन, दिलीप जैन, पंकज बड़कुल, देवेन्द्र जैन, संजय जैन, मनोज जैन प्रमोद जैन आदि मौजूद रहे।

### खराब मौसम के चलते मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**छतरपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को प्लेन से खजुराहो पहुंचे थे और यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से रीवा जाना था लेकिन शुक्रवार की सुबह अचानक खराब हुए मौसम के कारण मुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। खजुराहो पहुंचने के बाद सीएम बाया सड़क मार्ग रीवा के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि आज रीवा में संभागीय बैठक लेने तथा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के लिए सीएम रीवा पहुंचे हैं। इसके साथ ही वे आज रीवा में निकाली जा रही जन आभार यात्रा में भी शामिल होंगे। खजुराहो में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाना उनका संकल्प है। खजुराहो जैसे पर्यटन स्थलों की सामुचित विकास करने के लिए हमारी सरकार आवश्यक कार्य करेगी। खजुराहो में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, छतरपुर विधायक ललिता यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया।

### फोटो निर्वाचन नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत बैठक आज

**छतरपुर।** भारत निर्वाचक आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष पुनरीक्षण 2024 के कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन नामावली के प्रारूप का प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 6 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष छतरपुर में आयोजित होगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का दार सागर में हुआ स्वागत

**जमुना/बदरा।** 4 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम शिकारपुर वि.ख.अनूपपुर सेक्टर क्रमांक 4 में पहुंची जिसमें परामर्शदाता शिवानी सिंह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था पसान के कार्यक्रम समन्वयक दशरथ सिंह एवं सीएमसीएलडी छात्रा सेमवती सिंह द्वारा सहभागिता कर हितग्राहियों का पंजीयन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत शिकारपुर एवं आस पास के ग्रामीणजनो को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का तत्काल लाभ दिलवाया गया साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा अनेक प्रकार की बिमारियों का जांच कर दवाई वितरित किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को ग्राम पंचायत भवन मे लाकर योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया गया। कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल, रामदास पुरी, हनुमान गर्ग, नरेंद्र मरावी, सीईओ मैडम, सरपंच, सीएमसीएलडीपी छात्रा सेमवती सिंह नवांकुर संस्था पसान के कार्यक्रम समन्वयक दशरथ सिंह ग्रामीणजन की उपस्थिति रही।

# मातगुंवा थाना प्रभारी ने लाखों के जुए के फड़ को लगाया ठिकाने, जप्ती दिखाए 7100 रुपए?

**भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हल्के मिश्रा सहित 7 लोगों पर पुलिस ने किया जुएं का मामला दर्ज**

**हल्के भैया ने लगाए आरोप कि मौके पर नही था, फिर भी मुझसे थाना प्रभारी ने रास्ते में छीने 24110 रुपए, एसपी को सौंपा ज्ञापन**

थाना अंतर्गत रगोली गांव में पुलिस के संरक्षण में महीनों से चल रहा था जुएं का फड़ के लग रहे पुलिस पर आरोप। बीते गुरुवार को थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह यादव ने दलबल के साथ जुए के फड़ पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से 7100 रुपए जप्त कर, 7 जुआरियो पर किया मामला दर्ज।

**मातगुंवा।**

थाना प्रभारी पुष्पैन्द्र यादव ने बताया कि 3 जुआरियों को मौके से पकड़ा और 4 जुआरी भागने मे सफल हुये। पुलिस ने हल्के भैया मिश्रा निवासी रगौली, करण सिंह, दुर्गेश अहिरवार, प्यारेलाल कुशवाहा, बृजगोपाल राजपूत, विनोद अहिरवार,

**रामकिशन अहिरवार पर मामला दर्ज किया।**

हल्के मिश्रा रगोली ने थाना प्रभारी पर आरोप लगाया कि मुझसे 24,110 रुपए छीन लिए गए,






और करण सिंह से 1520 रुपए छीने गए। ऐसे ही सभी साथियों के साथ किया गया है थाना प्रभारी द्वारा जुए के फड़ पर लाखों की राशि इकट्ठी की है, और जब्ती 7100 रुपए की दिखाई है, जो की जांच का विषय है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने दूरभाष पर बताया कि पुलिस दल के द्वारा जुआ फड़ पर कार्यवाही की गई थी, जिसमें मौके पर 7100 रुपए की जप्ति कर 7 लोगों के ऊपर मामला पंजीबद्ध किया गया है। हल्के भैया ने आरोप लगाया कि मातगुवां थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह यादव कांग्रेसी विचारधारा के है। इसके पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी चरण सिंह यादव के पक्ष में भरपूर सहयोग किया था। मुझे आए दिन धमकते रहते हैं कि मैं तेरे ऊपर कभी भी बड़ा फर्जी में मुकदमा दर्ज करवा दूंगा। पुष्पेंद्र यादव थाना प्रभारी के संरक्षण में कई आरोप फरार है, और पीड़ित पक्ष पर दबाव बना रहे। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने फरार आरोपी को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। फरार आरोपी शोभाराम पिता भग्गू राजपूत उम्र 44 साल निवासी ग्राम मादेलनपुरवा थाना मातगुवां पर 3 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

**इनका कहना है**

जुए के फड़ पर अगर पारदर्शिता के साथ कार्यवाही नहीं की गई है, तो मैं उसकी जांच करवाता हूं, और कार्यवाही करूंगा। मैं आज खजुराहो में ड्यूटी पर था, और आवेदन संबंधी जानकारी नहीं है मैं ऑफिस पहुंच कर आवेदन की जानकारी लेता हूं।

**अमित सांघी**
**पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

# 14 डिग्री पहुंचा रात का तापमान दो दिनों तक बारिश की संभावना



**छतरपुर।**

जिले में अचानक मौसम पूरी तरह से बदल गया है। पिछले 5 दिनों से पहले ही सूर्य देवता के दर्शन के लिए लोग तरस रहे थे और अब गुरूवार और शुक्रवार को हुई मावठ की बारिश ने सर्दी का सितम बढ़ा दिया है। हिमालय की ओर से 5 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रहीं बर्फीली हवाओं के कारण ठण्ड तेजी से बढ़ रही है। गुरूवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात जिले का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री पहुंच गया। 6 और 7 तारीख को भी मावठ की संभावना बताई जा रही है। 7 जनवरी के बाद आसमान खुलेगा तो सर्दी और बढ़ेगी।

खजुराहो मौसम विभाग में पदस्थ आरएस परिहार ने बताया कि खजुराहो में शुक्रवार की दोपहर 2 मिमी बारिश हुई जबकि शाम को भी 5 से 6 मिमी बारिश की संभावना है। रात का तापमान जहां 14 डिग्री रहा तो वहीं दिन का तापमान 17 डिग्री के आसपास रहा। इसी तरह जिले के नौगांव में भी कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। नौगांव के मौसम विभाग कार्यालय में पदस्थ हेमंत कुमार सिन्हा ने बताया कि नौगांव में बीती रात पारा 13 डिग्री तक पहुंच गया जबकि अधिकतम तापमान 16.8 डिग्री रहा। जिले में सुबह और रात के वक्त कोहरे के कारण दृश्यता कम हो रही है। वाहन चालकों को 50 से 100 मीटर दृश्यता से जूझना पड़ रहा है।

**कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में घोषित किया अवकाश -**

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए अलर्ट के मुताबिक शुक्रवार की सुबह जिले के ज्यादातर इलाकों में मावठ की बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से अगले तीन दिन तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान जताया है। वहीं दूसरी ओर जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते शुक्रवार की शाम को कलेक्टर संदीप जी आर ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में दो दिन का अवकाश घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों पूरा जिला सर्द हवाओं से ठिठुर रहा है। पिछले लगभग एक सप्ताह से लोगों को सूर्य के दर्शन नहीं हुए हैं जिसके चलते अब आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद अब सर्दी का कहर और अधिक बढने की संभावना है। शीतल लहर के चलते पिछले दो-तीन दिनों में तापमान में भारी गिरावट हुई है जिसके चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों, हीटर और अलाव का उपयोग कर रहे हैं। वहीं नगर पालिका द्वारा भी चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

# कलेक्टर ने पटवारी के पद पर सुधांशु को दिया अनुकंपा नियुक्ति पत्र



**संवेदनशीलता से 27 आवेदकों को मिल चुकी है अनुकम्पा नियुक्ति**

**छतरपुर।**

प्रदेश भर में छतरपुर जिला प्रशासन अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने में उदाहरण बनकर उभरा है। जहाँ नई ऊर्जा और सकारात्मक संकल्पों की राह से अनुकंपा नियुक्ति की उम्मीद लगाए चेहरों पर खुशियां बिखर रहीं हैं। कलेक्टर संदीप जी.आर. का अनूठा नवाचार जिसमें पूर्व में शिविर लगाकर एक ही दिन में पात्र व्यक्तियों के अनुकंपा नियुक्तियों का निराकरण कर नौकरियां दी गई हैं। तो वहीं गुरुवार को कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देश पर नौगांव तहसील में रिक्त (अनारक्षित) पटवारी पद पर सुधांशु श्रीवास्तव भाई स्व. शुभम श्रीवास्तव निवासी वार्ड नंबर 20 नौगांव को अनुकंपा नियुक्ति का पत्र जारी किया गया है।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने कलेक्ट्रेट छतरपुर में सुधांशु श्रीवास्तव को अनुकम्पा नियुक्ति का प्रमाण पत्र सौंपा और अच्छा कार्य करने की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने आवेदक से नियुक्ति मिलने पर पूछा की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान किसी के भी द्वारा पैसे की मांग तो नहीं की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया की अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया को और आसान बनाएं, जिससे 1 हफ्ते में ही आवेदक के प्रकरण का निराकरण कर नियुक्ति दी जा सके। इस दौरान एसएलआर आदित्य सौनकिया उपस्थित रहे। आवेदक ने अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर शासन-प्रशासन का आभार जताया है। उल्लेखनीय है की प्रशासन की संवेदनशीलता के चलते 27 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति मिल चुकी है।



# एमसीबीयू में संभागीय युवा उत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**17, 18 एवं 19 जनवरी को होगा आयोजन**

**छतरपुर।**

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड यूनिवर्सिटी, छतरपुर में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आगामी 17,18 एवं 19 जनवरी 24 को संभाग स्तरीय युवा उत्सव का गरिमामयी आयोजन होगा। इस आयोजन में संभाग के पांच जिलों के दल सहभागिता करेंगे।

मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन के अनुसार संभागीय युवा उत्सव में साहित्यिक, सांस्कृतिक, सांगीतिक एवं रूपांकन संबंधी 22 विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।इस संभागीय युवा उत्सव में छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह तथा टीकमगढ़ - निवाड़ी(संयुक्त) जिले की टीमें भाग लेंगी। इस बड़े आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार 5 जनवरी 24 को सरस्वती हाल में आयोजन से जुड़ी सभी समितियों की एक बैठक कुलपति प्रो शुभा तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला , डीएसडब्ल्यू डा आरके पांडे, डीसीडीसी डा ओपी अरजरिया,युवा उत्सव प्रभारी डॉ ममता बाजपेई सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में युवा उत्सव प्रभारी डॉ ममता बाजपेई ने आयोजन की रूपरेखा, सभी समितियों के दायित्व तथा इंतज़ामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बनाई गई सभी आयोजन समितियों से अपना काम बखूबी करने का आव्हान किया। कुलपति प्रो शुभा तिवारी ने इस आयोजन को गरिमामयी और भव्यता के साथ आयोजित करने में प्रत्येक सदस्य से अपना काम पूरी सक्रियता और लगन के साथ करने की बात कही।आपने कहा कि संभाग स्तरीय युवा उत्सव यादगार और शानदार बन सके, ऐसी तैयारी की जा रही है। बैठक का संचालन सहायक प्राध्यापक श्रीमती निकिता यादव ने किया। अंत में डीएसडब्ल्यू डा आरके पांडे ने सभी का आभार माना।

**एसडीएम ने निरीक्षण कर गुणवत्तायुक्त मैटेरियल, समय से निर्माण पूर्ण करने के निर्देश**

# एसडीएम ने कहा वर्क में काली मिट्टी के उपयोग पर बोली टेक्निकल टीम से जांच

**नौगांव।**



शहर के टीबी अस्पताल में 19 करोड़ 36 लाख की लागत से निर्माणाधीन सिविल अस्पताल के भवन में ठेकेदार के द्वारा अर्थवर्क में अनुबंध के अनुसार कार्य न कर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य चल रहा है। जिस पर हरिभूमि ने 05 जनवरी के अंक में ठेकेदार के द्वारा अर्थवर्क में हार्ड कोपरा की जगह काली मिट्टी का उपयोग करने के मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। एसडीएम विशा माधवानी ने हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेते हुए सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर गुणवत्तायुक्त मैटेरियल एवं समय से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अर्थवर्क के कार्य में काली मिट्टी उपयोग करने पर एसडीएम ने एमपीबीडीसी आए नए डीजीएम से टेक्निकल जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

टीबी अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिविल अस्पताल के नए भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान कंसस्ट्रक्सन कंपनी के जेई अर्थवर्क में मिट्टी का उपयोग करने की बात कह रहे हैं जबकि एमपीबीडीसी के एजीएम एसडीओ हार्ड कोपरा (यानि स्टोन युक्त मिट्टी) का उपयोग करने की बात कह रहे हैं। इस मामले को लेकर दैनिक हरिभूमि ने 05 जनवरी शुक्रवार के अंक में सिविल अस्पताल के अर्थवर्क में हार्ड कोपरा के जगह काली मिट्टी का किया जा रहा उपयोग को लेकर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हरिभूमि के समाचार को नौगांव एसडीएम ने प्रमुखता से संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार की सुबह अपने बंगले से ऑफिस पहुंचने के बजाय सीधे निर्माण स्थल पहुंची। जहां पर एसडीएम माधवानी ने ठेकेदार के कर्मचारियों को गुणवत्तायुक्त मैटेरियल से निर्माण करने के निर्देश दिए तो वहीं परिसर में रखी रेत एवं गिट्टी के रॉयल्टी सहित अन्य दस्तावेज चेक किए। इस दौरान उन्होंने हार्ड कोपरा के स्थान पर काली मिट्टी से हो रहे लेवलिंग के कार्य के संबंध में एमपीबीडीसी के अधिकारियों से बात की। जिसमें उन्होंने एमपीबीडीसी के अधिकारियों से इस मामले की टेक्निकल जांच करने को कहा। एसडीएम माधवानी ने एमपीबीडीसी के नवागत डीजीएम सुनील दगदी से जांच कराने के संबंध में बात की। इसके बाद डीजीएम ने जल्द ही पहुंचकर जांच करने की बात कही। तो वहीं एसडीएम ने टीबी अस्पताल एवं सिविल अस्पताल के मध्य हुआ जमीन हस्तांतरण के मुद्दे पर भी टीबी अस्पताल से दस्तावेज मंगा कर जांच कर मामले को हल करने की बात कही। वहीं पूरे मामले में नोटिस देकर कार्यवाई करने की बात कही है।

**इनका कहना है**

अस्पताल का निरीक्षण कर गुणवत्तायुक्त मैटेरियल एवं समय से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही एमपीबीडीसी से टेक्निकल जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

# गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।**

27 दिसंबर को बमीठा थाना क्षेत्र में गठेवरा निवासी युवक पर गोली चलाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया गया था, हालांकि इस घटना में युवक की जान बच गई थी और उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 307, 34 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र की मदद से मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने रेत के कारोबार में उपजे विवाद को लेकर गोली चलाई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा भी जप्त कर लिया है। इस कार्यवाही में बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक जयवंत सिंह ककोडिय़ा, उप निरीक्षक एमएल मरावी सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

